प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.07.2026/प्रादेशिक समाचार/1800 बजे

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला से वर्चुअल माध्यम से सोलन ज़िला की ममलीग पंचायत में ग्रीन पंचायत योजना के तहत 5 सौ किलोवॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ममलीग में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो करोड़ रूपए की लागत से निर्मित इस परियोजना से वर्तमान में करीब 3 हज़ार यूनिट प्रतिदिन विद्युत उत्पादन हो रहा है और साल में करीब 8 लाख यूनिट बिजली उत्पादन होगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से पंचायत को हर साल 14 लाख रूपए की आय होगी। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयास कर रही है और पंचायतों में सौर ऊर्जा परियोजनाओं का निर्माण करना इस दिशा में उठाया गया ठोस कदम है।

इस दौरान कर्नल धनीराम शांडिल ने इस परियोजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने नशे के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान में सभी वर्गों को अपना सहयोग देने का आह्वान किया ताकि हिमाचल चिट्टा मुक्त बन सके।

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार निर्धन व वंचित वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वे आज किन्नौर ज़िला के निचार उपमण्डल के निगुलसरी में जलग्रहण क्षेत्र उपचार योजना के तहत बी.पी.एल. परिवारों को इंडक्शन हीटर वितरित करने के अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने जन समस्याएं सुनीं और अधिकांश का मौके पर निपटारा किया।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि विभिन्न राष्ट्रीय सर्वेक्षणों और परफॉरमेंस इंडैक्स में हिमाचल प्रदेश की शिक्षा रैंकिंग लगातार बेहतर हुई है। शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने दावा किया कि पिछले साढ़े 3 वर्षों में शिक्षा विभाग ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। भाजपा द्वारा कुछ परियोजनाओं को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास पूरी प्रक्रिया के तहत किया गया है।

शिपकिला व्यापार

किन्नौर ज़िला के शिपकिला से चीन व्यापार के संबंध में आज रिकांगपिओ में उपायुक्त डॉक्टर अमित कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि शिपकिला से व्यापार एक अगस्त से आरंभ होगा जो 30 नवम्बर तक चलेगा। उन्होंने पूह के तहसीलदार भीम सिंह नेगी को इसके लिए ट्रेड अधिकारी नियुक्त कर संबंधित व्यापारियों से तालमेल स्थापित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने छुप्पन ट्रेड मार्ट को जल्द पूरा करने को भी कहा ताकि सीमा के आर–पार व्यापार सुचारू रूप से चल सके।

माई भारत

मेरा युवा भारत अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए माई भारत ज़िला समन्वय समिति की बैठक आज शिमला में उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने पंजीकरण अभियान का शुभारम्भ भी किया। इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए 15 अगस्त तक माई भारत वैबसाइट पर युवा अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। अभियान के माध्यम से युवा नृत्य, रील लघु फिल्म, मौलिक संगीत, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि शिमला ज़िला में 15 से 29 वर्ष के अधिक से अधिक युवाओं को इस अभियान के साथ जोड़ा जाएगा।

एन.सी.सी.

सोलन के नौणी स्थित डॉक्टर यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय में एन.सी.सी. कैडिटों के लिए दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के समापन समारोह को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर हरमिंदर सिंह बवेजा ने कैडिटों से शिविर में सीखे गए अनुशासन, ईमानदरी और समर्पण के मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस शिविर में सोलन ज़िला के 16 शिक्षण संस्थानों से 5 सौ 72 एन.सी.सी. कैडिटों ने हिस्सा लिया।